Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

**कक्षा 1**

कुल प्रश्न : 35 + 3 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 35

### निर्देश

1. इस पुस्तिका में **35 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक निर्धारित है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

### OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेन्सिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेन्सिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #172


HI1

BLOOM CAP
Founded by | arihant

**1.** 'ऊ' के ठीक बाद कौन-सा स्वर आता है?

(a) उ
(b) ए
(c) ऐ
(d) ऋ

**2.** दिए गए चित्र के नाम का अंतिम वर्ण क्या है?



(a) ब
(b) त
(c) ख
(d) ट

**3.** ह, ल, च के मेल से बना चार वर्णों वाला शब्द है?

(a) हलहच
(b) लहचह
(c) हचलच
(d) हलचल

**4.** लिखकर समझाई जाने वाली भाषा कौन-सी है?

(a) लिखित
(b) सांकेतिक
(c) मौखिक
(d) ये सभी

**5.** 'ठ' से पहले कौन-सा व्यंजन आता है?

(a) ड
(b) ट
(c) ढ
(d) ण

**6.** भाषा का अर्थ क्या होता है?

(a) ध्वनि
(b) बोलना
(c) वर्ण
(d) स्वर

**7.** 'क' कौन-से वर्ण में आता है?

(a) स्वर
(b) व्यंजन
(c) अन्तःस्थ
(d) इनमें से कोई नहीं

**8.** निम्न में से कौन-सा संज्ञा शब्द है?

(a) अच्छा
(b) हाथी
(c) धीरे
(d) बैठना

**9.** 'मैं' किसका उदाहरण है?

(a) संज्ञा
(b) सर्वनाम
(c) क्रिया
(d) विशेषण

**10.** निम्न में से कौन-सा शब्द पुल्लिग है?

(a) लड़का
(b) लड़की
(c) माता
(d) बहन

**11.** 'माता' का बहुवचन क्या होगा?

(a) माते
(b) माताएँ
(c) मातायियों
(d) मातों

**12.** लय के अनुसार उचित शब्द छाँटिए
तोता, मोटा, .........

(a) लेटा
(b) बेटा
(c) लोटा
(d) तोड़ो

**13.** निम्न में से कौन-सा शब्द क्रिया है?

(a) भागना
(b) किताब
(c) सुन्दर
(d) दोस्त

**14.** 'दिन' का विलोम शब्द क्या है?

(a) रात
(b) सूरज
(c) तारा
(d) चाँद

**15.** चित्र में दिखाया गया अंग किस काम आता है?



(a) सुनने के
(b) बोलने के
(c) देखने के
(d) सोने के

**16.** नीचे दिए गए किस विकल्प में स्वर सही क्रम में हैं?

(a) अ, इ, आ, ई
(b) आ, अ, इ, ई
(c) अ, आ, इ, ई
(d) ई, ऊ, उ, ऐ

**17.** 'नीला' शब्द के लिए उचित संज्ञा ·········है।

(a) आकाश
(b) पेड़
(c) धूप
(d) मिट्टी

**18.** 'वह' किसके स्थान पर उपयोग होता है?

(a) क्रिया
(b) संज्ञा
(c) कारक
(d) विशेषण

**19.** 'माँ' क्या है?

(a) पुल्लिंग
(b) स्त्रीलिंग
(c) क्रिया
(d) सर्वनाम

**20.** एक बच्चा, तीन ………… । रिक्त स्थान की पूर्ति बच्चा शब्द के बहुवचन रूप से कीजिए।

(a) बच्चा
(b) बच्चे
(c) बच्ची
(d) बच्चियाँ

**21.** 'दुल्हन लाल जोड़े में सुन्दर लग रही है।' वाक्य में लाल क्या बताता है?

(a) नाम
(b) रंग
(c) विशेषण
(d) स्थान

**22.** दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द की पहचान कीजिए।

(a) आनार
(b) अनार
(c) तरबुज
(d) खरबुजा

**23.** 'बड़ा' का विलोम क्या होगा?

(a) छोटा
(b) लम्बा
(c) ऊँचा
(d) नीचा

**24.** दिए गए युग्मों में से सही युग्म का चयन कीजिए

(a) पतंग–विशेषण
(b) लाल–क्रिया
(c) दौड़ना–संज्ञा
(d) यह–सर्वनाम

**25.** पाँच को हिन्दी अंक में लिखिए

(a) १
(b) ५
(c) २
(d) ११

**26.** एक हफ्ते में कितने दिन होते हैं?

(a) छः
(b) पाँच
(c) सात
(d) आठ

**27.** फरवरी माह में कौन-सी ऋतु होती है?

(a) शीत ऋतु
(b) ग्रीष्म ऋतु
(c) वर्षा ऋतु
(d) शरद ऋतु

**28.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए
रेखा ………… से सुनती है।

(a) कान
(b) आँख
(c) नाक
(d) दिमाग

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 29-30) दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए



**29.** चित्र में किस स्थान को दर्शाया गया है?

(a) रेलवे स्टेशन (b) बस स्टेशन (c) विद्यालय (d) अस्पताल

**30.** चित्र में आपको कौन-सा वाहन दिखाई दे रहा है?

(a) कार (b) बाइक

(c) ट्रेन (d) बस

**31.** 'गाय' का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(a) नरेश (b) भैंस (c) गौ (d) बैल

**32.** दिए गए युग्म में से सही विलोम शब्द वाले युग्म का चयन कीजिए।

(a) जाता लाता

(b) कड़वा मीठा

(c) लाभ शुभ

(d) अन्त समाप्त

**33.** दिए गए शब्द में कौन-सा क्रिया शब्द नहीं है?

(a) उड़ना (b) जाना

(c) पढ़ना (d) तीखा

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 34-35) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए

राजू के पास एक लाल रंग की गेंद थी। वह हर दिन अपने दोस्तों के साथ खेलता था। एक दिन उसकी गेंद पेड़ के नीचे गिर गई। राजू और उसके दोस्त गेंद ढूँढने लगे। अन्त में मीनू को गेंद मिल गई। सभी ने मिलकर फिर से खेलना शुरू किया। सभी बच्चे बहुत खुश थे।

**34.** राजू के पास कौन-सी चीज थी?

(a) किताब (b) गुड़िया (c) गेंद (d) कार

**35.** राजू की गेंद कहाँ गिर गई?

(a) तालाब में (b) छत पर (c) पेड़ के नीचे (d) सड़क पर

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 3 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** 'कमल' शब्द में ध्वनियों का सही क्रम क्या है?

(a) क् + अ + म् + अ + ल् + अ
(b) क् + म् + अ् + ल्
(c) क् + अ् + म् + ल्
(d) क् + म् + ल् + अ् + अ

**2.** नीचे दिए गए वाक्य में से कौन-सा वाक्य प्रश्नवाचक है?

(a) आप कैसे हैं?
(b) यह अच्छा है।
(c) मुझे भूख लगी है।
(d) वह स्कूल गया।

**3.** निम्न में से कौन-सा शरीर का आन्तरिक अंग है?

(a) हाथ
(b) पैर
(c) सिर
(d) दिल